मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम

पंचदीप भवन, कामरेड इन्द्रजीत गुप्त मार्ग, नई दिल्ली

संख्या: ए-49/16/2/2016-रा.भा. दिनांक: 15.09.2016

प्रेस-प्रकाशनी

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय में दिनांक 14.09.2016 को हिंदी दिवस का आयोजन उल्लासपूर्वक किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री डी.लाहिड़ी, बीमा आयुक्त ने की तथा उन्होंने कार्यालय के दैनंदिन काम-काज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए सभी के लिए हिंदी दिवस की शुभकामनाएं की।

इस अवसर पर श्री उपेंद्र शर्मा, निदेशक(राजभाषा प्रभारी) ने भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री के संदेश को पढ़ा तथा श्री श्याम सुंदर कथूरिया, उप निदेशक(राजभाषा) ने हिंदी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की । मंचासीन अधिकारियों ने निगम मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'पंचदीप भारती' के 12वें अंक का भी विमोचन किया।

समारोह में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ-साथ केंद्रीय हिंदी सचिवालय हिंदी परिषद की प्रतियोगिताओं तथा मूल हिंदी-टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

(श्याम सुंदर कथूरिया)

उप निदेशक(उप निदेशक)